दिन– शुक्रवार | दिनांक– 07 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में रिकॉर्ड चौंसठ प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

02. मुजफ्फरपुर जिले में सबसे अधिक सत्तर दशमलव नौ छह प्रतिशत मतदान हुआ। पटना जिले में सबसे कम अंठावन दशमलव चार शून्य प्रतिशत वोटिंग।

03. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में नेताओं ने झोंकी पूरी ताकत। सीमांचल, मगध, शाहाबाद और चंपारण क्षेत्र में विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता कर रहे हैं धुआंधार प्रचार।

04. और, देश आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे।

---

विधानसभा चुनाव के पहले दौर का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। इस चरण के लिए अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में रिकॉर्ड चौंसठ प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान सत्तर दशमलव नौ छह प्रतिशत मुजफ्फरपुर जिले में हुआ जबकि पटना जिले में सबसे कम अंठावन दशमलवच चार शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि चौंसठ दशमलव चार छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

–––बाईट–––

आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष दो हजार बीस के विधानसभा चुनाव में छप्पन दशमलव दो दो प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। पिछली बार की तुलना में इस बार आठ दशमलव दो चार प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। मतगणना चौदह नवंबर को होगी।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की ओर से एक करोड़ छियानवे लाख रूपये की जब्ती हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक एक सौ सत्रह करोड़ की जब्ती हुई है।

–––बाईट–––

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में

आयोग में पूर्ण विश्वास व्यक्त करने और इतनी बड़ी संख्या में उत्साह और जोश के साथ मतदान के लिए वोटरों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहले चरण में ही एनडीए ने भारी बढ़त हासिल कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दूसरे चरण में भी हर तरफ एनडीए की लहर दिख रही है। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया है कि पहले चरण में एक सौ इक्कीस में से सौ सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगा। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया है। उन्होंने कहा कि बदलाव की लहर महागठबंधन के पक्ष में है।

---

पहले चरण के मतदान के बाद एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। सबसे अधिक बीस प्रत्याशी कुढ़नी और मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भोरे, अलौली और परबत्ता विधानसभा क्षेत्रों से सबसे कम पांच–पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

विधान सभा चुनाव के पहले चरण में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत नीतीश कुमार सरकार के सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। इनमें से ग्यारह मंत्री भाजपा कोटे से हैं। वहीं, राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव, जन शक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी प्रमुख आई.पी. गुप्ता और द प्लूरलस पार्टी प्रमुख पुष्पम प्रिया चौधरी का चुनावी भाग्य भी ईवीएम में बंद हो गया है। इसके अलावा मतदाताओं ने लोक गायिका मैथिली ठाकुर और भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता तथा गायक शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव के राजनीतिक भाग्य का भी फैसला कर दिया है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अभिषेक दास

---

पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा ने बत्तीस सीटें जीती थीं जबकि जदयू को तेईस और लोक जनशक्ति पार्टी को एक सीट पर जीत मिली थी। राजद ने बयालीस, कांग्रेस ने आठ, वाम दलों ने ग्यारह और विकासशील इंसान पार्टी ने चार सीटें जीती थीं।

---

निर्वाचन आयोग ने लखीसराय से भाजपा प्रत्याशी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर कथित तौर पर असामाजिक तत्वों के हमले का स्वतः

संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान राजद प्रत्याशी भाई वीरेंद्र के खिलाफ मनेर थाना क्षेत्र की बूथ संख्या उनासी, अस्सी और इक्यासी पर हगांमा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के अलावा दूसरे दलों के नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। सीमांचल, मगध, शाहाबाद और चंपारण क्षेत्र के जिलों में विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज औरंगाबाद और कैमूर जिले में दो जन सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जमुई और भागलपुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वे पूर्णिया में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो भी करेंगे। भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले में अलग–अलग सात जनसभाओं को संबोधित करेंगे। एनडीए की ओर से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ आज चुनावी जनसभाओ को संबोधित करेंगे। वही आरपीआई पार्टी कोके की प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी जमुई और गया में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भागलपुर और बांका में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गया और रोहतास में जनसभाओं में शामिल होंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी तेजस्वी प्रसाद यादव पूर्णिया, अररिया , भागलपुर और बांका में 18 जनसभाओं को संबोधित करेंगे । जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर नवादा में रोड शो में भाग लेंगे जबकि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव औरंगाबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। अन्य दलों के नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

---

देश आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर नई दिल्ली में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि यदि देशभक्ति शब्द से परे एक भावना है, तो वंदे मातरम गीत उस भावना को मूर्त रूप देता है।

———बाईट———

वंदे मातरण एक ऐसा गीत है जिसने कई पीढ़ियों को एकजुट होने, आगे बढ़ने और राष्ट्र की भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया। भारत के इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गीत के इतिहास पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.....

———बाईट———

---

इधर, इस अवसर पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कला संस्कृति और युवा विभाग की ओर से पटना के अधिवेशन भवन में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन कार्यक्रम होगा। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

---

भारतीय हॉकी के गौरवशाली सौ वर्षों के उपलक्ष्य में आज से राष्ट्रव्यापी समारोह शुरू हो रहे हैं। शताब्दी समारोह के तहत पांच सौ पचास जिलों में एक हजार चार सौ से अधिक मैच खेले जाएँगे। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। केंद्रीय मंत्री एकादश और हॉकी इंडिया की पुरुष और महिला मिश्रित एकादश के बीच तीस मिनट का एक प्रदर्शनी मैच हो रहा है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय टीमों के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। गौरतलब है कि आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत चुके भारत को दुनिया के सबसे सफल हॉकी राष्ट्र का दर्जा प्राप्त है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है— मतदाताओं ने चौंसठ दशमलव छह नौ प्रतिशत मतदान से रचा इतिहास। उमड़ पड़ा बिहार। दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है— बिहार के इतिहास में पहली बार चौंसठ दशमलव छह नौ प्रतिशत मतदान। बंपर वोटिंग के बीच कुम्हरार, बांकीपुर और दीघा में सबसे कम मतदान। दैनिक भास्कर लिखता है— पहला चरणः मतदान में महिलाओं की भागीदारी इस बार भी पुरूषों से ज्यादा। प्रभात खबर की सुर्खी है— जेएएनयू छात्रसंघ चुनाव में वामएकता का दबदबा, एबीवीपी का हुआ सफाया। राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है— सिर्फ सत्ता की दोस्ती है, महागठबंधन। आज अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान का शीर्षक लगाया है— विकास की राह पर बढ़ रहा बिहार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में रिकॉर्ड चौंसठ प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

02. मुजफ्फरपुर जिले में सबसे अधिक सत्तर दशमलव नौ छह प्रतिशत मतदान हुआ। पटना जिले में सबसे कम अंठावन दशमलव चार शून्य प्रतिशत वोटिंग।

03. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में नेताओं ने झोंकी पूरी ताकत। सीमांचल, मगध, शाहाबाद और चंपारण क्षेत्र में विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता कर रहे हैं धुआंधार प्रचार।

04. और, देश आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।